बाबा आज भी मेरे दिल में आप बिराज रहे

बाबा आज भी मेरे दिल में आप बिराज रहे,
चंदा सूरज जैसे चमकते ऐसे राज रहे,
बाबा आज भी मेरे दिल में आप बिराज रहे.....

ना ही सूरत ना कोई मूरत,
ना कोई दिल को रही ज़रूरत,
रग रग रास रहे,
आज भी मेरे दिल में आप बिराज रहे......

हर एक पल पल हर एक क्षण क्षण,
चरणों में तेरे रहता मेरा मन,
साँसों में साज रहे,
आज भी मेरे दिल में आप बिराज रहे....

हाथों में तेरे हाथ है मेरा,
अंग संग हर दम साथ है तेरा,
ये विश्वास रहे,
आज भी मेरे दिल में आप बिराज रहे.....

रस का हो बादल या रस का पागल,
चरणों की तेरे गोपाली पायल,
तू सर का ताज रहे,
आज भी मेरे दिल में आप बिराज रहे......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29871/title/baba-aaj-bhi-mere-dil-me-aap-biraj-rahe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |